### एक नजर में

### समस्त आदिवासी समाज संगठन की बैठक आज

**बैतूल।** समस्त आदिवासी समाज संगठन की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन आज रविवार 6 जुलाई को दोपहर 12 बजे से पड़ापेन ठाना रैन बसेरा, सदर में किया जा रहा है। बैठक में विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त को भव्य रूप से मनाने की तैयारी को लेकर चर्चा की जाएगी। समस्त आदिवासी समाज संगठन के मीडिया प्रभारी जितेंद्र सिंह इवने ने जिले भर के सभी सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं सामाजिक बंधुओं से इस बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के स्वागत में जुटे समाज और संगठन

**बैतूल।** बैतूल के विधायक हेमंत विजय खंडेलवाल के प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर निविरोध निर्वाचन के बाद प्रथम नगर आगमन को लेकर आम जन में उत्साह का माहौल है समाज और संगठन मिलकर अपने लाडले विधायक के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर ऐतिहासिक स्वागत की तैयारी में जुटे हुए है। इसी कडी में आज बैतूल जिले की सीमा धार से विभिन्न समाज और संगठन स्वागत करेगें। इसी कडी में श्री खंडेलवाल जी का स्वागत भौरा बस स्टैण्ड, शाहपुर कालेज के सामने, बरेठा, पाढर, भारत भारती, सोनाघाटी, राजा भोज मार्ग, मरामझिरी जोड, अवस्थी गोदाम, थाना चौक कोठीबाजार, लल्ली चौक, बस स्टेण्ड, मुल्लाजी पेट्रोल पंप, शिवाजी चौक, एसपी आफिस चौराहा, टांगा स्टैण्ड, दिलबहार चौक, कांतिशिवा चौक, भगतसिंह चौराहा होते हुए भाजपा कार्यालय पहुंचेंगे जहां स्वागत समारोह संपन्न होगा।

### निशा को लैपटॉप के लिए मिली 25 हजार की राशि

**बैतूल।** सीएम राइस विद्यालय आमला की छात्रा सुश्री निशा पवार ने एमपी बोर्ड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 82.8 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। उनकी इस उपलब्धि पर शासन की मेधावी छात्र योजना के तहत उन्हें 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है, जिससे वे लैपटॉप खरीद सकेंगी। छात्रा निशा पवार ने अपनी इस सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों, माता-पिता एवं शासन को दिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के लिए यह सराहनीय योजना लागू की है। निशा ने कहा कि इस राशि से उन्हें अपनी आगे की पढ़ाई में तकनीकी संसाधन प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। साथ ही उन्होंने अन्य विद्यार्थियों से भी मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई कर अपने लक्ष्य प्राप्त करने की अपील की।

### सहायक सचिव संगठन करेगा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**बैतूल।** भाजपा के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के प्रथम बैतूल आगमन को लेकर जिले में उत्साह का माहौल है। म.प्र. पंचायत सहायक सचिव संगठन जिला बैतूल की ओर से उनके भव्य स्वागत की तैयारी पूरी कर ली गई है। संगठन के जिला अध्यक्ष दयाराम नारे ने बताया कि नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के स्वागत का आयोजन गुप्ता माल गंज के सामने लश्करे हॉस्पिटल के पास किया जाएगा, जहां संगठन के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

# आंचल कक्ष : कहीं दरवाजे टूटे, तो कहीं रखा है सामान

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 5 जुलाई. महिलाएं अपने बच्चों को स्तनपान करवा सकें, इसके लिए आंचल कक्ष बनाये गये थे।**

**9 साल पहले तात्कालीन मंत्री के निर्देश पर बने थे कक्ष**

**देखरेख के अभाव में हुए बदहाल**

लेकिन महिलाओं की सुविधा के लिए बनाए गए आंचल कक्षों की स्थिति सही न होने से महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल 9 साल पहले प्रदेश की तात्कालीन महिला व बाल विकास मंत्री अर्चना चिटनीस के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग ने सुरक्षित मातृत्व एवं सार्वजनिक स्थल पर महिलाओं को अपने बच्चों को स्तनपान कराने के लिए जिला मुख्यालय के कलेक्ट्रेट, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, वन स्टाप सेंटर सहित मुलताई के बस स्टैंड पर आंचल कक्ष बनवाए थे। विभाग ने एक आंचल कक्ष को बनाने में 8 से 10 हजार रुपए खर्च किए थे। लेकिन देखरेख के अभाव में अब यह आंचल कक्ष पूरी तरह कबाड़ में तब्दील हो गये है। आंचल कक्ष का बोर्ड नदारद है। दरवाजा टूट गया है। महिलाएं इसमें जाने में भी संकोच करती हैं। अंदर आसपास के दुकानदारों का सामान रखा हुआ है। जिसकी वजह से बच्चों को स्तनपान कराने में महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**कहीं दरवाजे टूटे, तो कहीं कक्ष में रखा है सामान :** जिला मुख्यालय पर सार्वजनिक स्थानों पर आंचल कक्ष बनाये गये थे। लेकिन इन आंचल कक्षों की हालत अब बदत्तर हो गई है। बस स्टैंड पर बना आंचल कक्ष का दरवाजा टूटा है, अंदर दुकान का सामान भरा पड़ा है। बोर्ड भी नदारत है। इससे महिलाओं को आंचल कक्ष की जानकारी नहीं होने से वे बच्चों को स्तनपान के लिए जगह ढूंढ़ती रहती हैं। कलेक्ट्रेट कार्यालय में आंचल कक्ष का बोर्ड लगा हुआ है। अंदर महिलाओं के बैठने के लिए बैंच रखी है। कक्ष में दरवाजा और पर्दे लगे हुए हैं। लेकिन अंदर सामान रखे होने के कारण महिलाएं यहां पर नहीं जाती हैं और महिलाएं बच्चों को स्तनपान करवाने के लिए जगह तलाशती हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग ने सार्वजनिक स्थल पर आंचल कक्ष बनाये थे। लेकिन यह आंचल कक्ष विभागीय लापरवाही की भेंट चढ़ गए हैं। हालात यह है कि अधिकांश आंचल कक्ष अब खत्म हो गए हैं और जो बचे हैं, वहां पर कबाड़ और दुकान का सामान भरा पड़ा है।



### 8 से 10 हजार रुपये किये थे खर्च

विभाग ने सार्वजनिक स्थानों पर आंचल कक्ष बनाने के लिए 8 से 10 हजार रूपये खर्च किये थे। 9 साल पहले प्रदेश की तात्कालीन महिला व बाल विकास मंत्री अर्चना चिटनीस के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग ने सुरक्षित मातृत्व एवं सार्वजनिक स्थल पर महिलाओं को अपने बच्चों को स्तनपान कराने के लिए जिला मुख्यालय के कलेक्ट्रेट, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, वन स्टाप सेंटर सहित मुलताई के बस स्टैंड पर आंचल कक्ष बनवाए थे। लेकिन अब यह आंचल कक्ष केवल नाममात्र के रह गये है। कहीं कबाड़ भरा है, तो कहीं आंचल कक्ष का बोर्ड ही नजर नहीं आता है। जिससे महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

> तात्कालीन महिला व बाल विकास मंत्री के निर्देश पर आंचल कक्ष बनाए गए थे। सार्वजनिक स्थानों पर बने आंचल कक्षों को दिखवाया जाएगा। जहां भी मरम्मत की जरूरत है, उसके लिए प्रयास किए जाएंगे। उन्हें बेहतर किया जाएगा।
>
> **गौतम अधिकारी,** परियोजना अधिकारी, महिला व बाल विकास बैतूल

### बदहाली के लिए विभागीय अनेदखी बड़ा कारण

महिला एवं बाल विकास विभाग ने सुरक्षित मातृत्व एवं महिलाओं को अपने बच्चों को स्तनपान कराने के लिए सार्वजनिक स्थल पर आंचल कक्ष बनाये थे। लेकिन यह आंचल कक्ष विभागीय लापरवाही की भेंट चढ़ गए हैं। हालात यह है कि अधिकांश आंचल कक्ष अब खत्म हो गए हैं और जो बचे हैं, वहां पर कबाड़ और दुकान का सामान भरा पड़ा है। ऐसे में महिलाओं को बच्चों को स्तनपान करवाने के लिए महफूज जगह की तलाश करना पड़ता है। बता दे कि महिला एवं बाल विकास विभाग ने सुरक्षित मातृत्व एवं सार्वजनिक स्थल पर महिलाओं को अपने बच्चों को स्तनपान कराने के लिए जिला मुख्यालय के कलेक्ट्रेट, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, वन स्टाप सेंटर सहित मुलताई के बस स्टैंड पर आंचल कक्ष बनवाए थे।

## नेशनल समर अबेकस कॉम्पिटीशन में अक्षरा जैन बनीं विनर

**बैतूल। बैतूल के होनहार बच्चों ने नागपुर में आयोजित नेशनल समर अबेकस कंपटीशन में गणित की कठिनतम गणनाओं को चंद मिनटों में हल कर देश में बैतूल जिले का नाम रोशन किया।**

यह प्रतियोगिता 3 जुलाई को कोल्हापुर की प्रोएक्टिव अबेकस संस्था के संस्थापकों द्वारा नागपुर में आयोजित की गई थी, जिसमें बैतूल के 6 विद्यार्थियों सहित देशभर से 800 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में बैतूल की अक्षरा जैन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नेशनल समर कंपटीशन की विनर का खिताब अपने नाम किया। वहीं हंसिका जैन, शौर्य जैन, मिताली जैन, तेजल जैन और दिव्यांश गढेकर ने भी अपने-अपने लेवल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बेस्ट रनर-अप का स्थान प्राप्त किया। सभी बच्चों को प्रतियोगिता में उनकी श्रेष्ठता के लिए प्रमाण पत्र व ट्रॉफी प्रदान की गई। प्रतियोगिता की विशेष बात यह रही कि इसमें प्रतिभागियों को मात्र 6 मिनट में 100 गणितीय सवाल हल करने का लक्ष्य दिया गया था। बैतूल के बच्चों ने इस चुनौती को आत्मविश्वास के साथ स्वीकारते हुए बेहतरीन परिणाम दिए और जिले का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर बात करते हुए प्रोएक्टिव अबेकस से जुड़ी श्रीमती रोशनी जैन ने कहा कि यह कोर्स बच्चों की एकाग्रता, स्मरणशक्ति और मानसिक गणना की क्षमता को कई गुना बढ़ा देता है। उन्होंने बताया कि गणित के डर को खत्म करने और प्रतिस्पर्धा के इस दौर में बच्चों को आगे बढ़ाने में प्रोएक्टिव अबेकस एक प्रभावशाली माध्यम बनकर उभरा है। बच्चों के अभिभावकों ने भी इस सफलता का श्रेय मेहनत, नियमित अभ्यास और प्रोएक्टिव अबेकस की वैज्ञानिक पद्धति को दिया है।



## बैठक में महिला संगठन बनाने पर हुई चर्चा

**बैतूल।** सामाजिक जनकल्याण समिति की बैठक शनिवार 5 जुलाई को समिति के जिलाध्यक्ष सुरजलाल मंडलेकर के निवास पटेल वार्ड, सदर बैतूल में आयोजित की गई। बैठक में समिति के विस्तार, महिला संगठन के गठन और कक्षा 1 से 5 तक के जरूरतमंद बच्चों को शैक्षणिक सामग्री निशुल्क वितरण के मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा की गई। बैठक में तय किया गया कि समिति जल्द ही महिला संगठन का गठन करेगी, जिससे महिलाओं की भागीदारी सामाजिक कार्यों में सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही आगामी सत्र में गरीब एवं जरूरतमंद बच्चों को कॉपी, किताबें, पेन-पेंसिल जैसी आवश्यक सामग्री मुफ्त में दी जाएगी। इसके लिए सदस्य अपने स्तर पर सहयोग करेंगे और सामाजिक दायित्व को निभाएंगे। बैठक में प्रमुख रूप से मानिकराव कापसे, मानकप्रसाद वाईकर, डी.आर. झरबड़े, शिवदयाल चौकीकर, नत्थूप्रसाद चौकीकर, शेषरान वाईकर, सूरजलाल मंडलेकर, पांडूरंग वरवड़े, कृष्णाराव उबनारे, रघुनाथ चौरसिया एवं प्राचार्य ओ.पी. चंदेल उपस्थित रहे।



## कारगिल चौक पर लोडिंग ऑटो की टक्कर से महिला की मौत

**बैतूल।** कारगिल चौक पर शुक्रवार रात एक सड़क हादसे में 65 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान महाराष्ट्र के परतवाड़ा के सावित्री रमेश व्यास के रूप में हुई है। सावित्री व्यास बस से बैतूल आई थीं। कारगिल चौक पर बस से उतरकर वह पैदल अपने भाई के घर जा रही थीं। उसी दौरान एक लोडिंग ऑटो ने उन्हें टक्कर मार दी। मृतका के भाई ब्रजेश तिवारी बैतूल के सदर इलाके में कपड़े की दुकान चलाते हैं। उन्होंने बताया कि उनकी बहन सावित्री परतवाड़ा से आई थीं। उनके साथ एक और बहन भी थी। जैसे ही वे बस से उतरीं और पैदल आगे बढ़ीं, तभी एक ऑटो ने सावित्री को टक्कर मार दी। हादसे के बाद राहगीरों ने सावित्री को जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। ब्रजेश तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे और बहन को अस्पताल ले गए। इलाज से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी। शव लेकर वे परतवाड़ा रवाना हुए, जहां अंतिम संस्कार किया जा रहा है। उन्होंने कहा, लौटने के बाद ऑटो की पहचान कर कार्रवाई करेंगे। टीआई रविकांत डहरिया के अनुसार, मौके के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि ऑटो और चालक की पहचान की जा सके।

## रक्तदान शिविर और विशाल लंगर का आयोजन

**सारनी।** पाथाखेड़ा क्षेत्र में इमामए हुसैन सेवा संगठन लगातार मानवता की सेवा में समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। संगठन द्वारा हाल ही में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें दर्जनों युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपना अमूल्य रक्तदान किया।संगठन के सदस्यों ने बताया कि यह रक्तदान शिविर हर वर्ष नियमित रूप से आयोजित किया जाता है, जिससे ज़रूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिल सके। सिर्फ रक्तदान ही नहीं, संगठन द्वारा हर वर्ष तीन से चार हजार लोगों के लिए भव्य लंगर का भी आयोजन एक से ज्यादा दिनों तक किया जाता है। इस लंगर में हर जाति, धर्म और वर्ग के लोग ससम्मान भोजन करते हैं, जो सामाजिक सौहार्द और भाईचारे की अनूठी मिसाल पेश करता है। संगठन के अध्यक्ष बाबू अनवर ने बताया कि यह लंगर इमाम ए हुसैन अलैहिस्सलाम की कुर्बानी और मानवता के प्रति उनके समर्पण की स्मृति में आयोजित किया जाता है। संगठन के कार्यों की क्षेत्र में प्रशंसा हो रही है। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने भी संगठन की सराहना करते हुए कहा कि इमाम ए हुसैन संगठन समाज सेवा के कार्यों में एक प्रेरणास्त्रोत बनकर उभरा है। भव्य लंगर के आयोजन में पार्षद जफर अंसारी, फैयाज अंसारी, पिंटू अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।



## विद्युत पेंशनर्स हितरक्षक संघ की बैठक सम्पन्न, पेंशनर्स शामिल

**बैतूल।** विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ शाखा बैतूल की मासिक बैठक शनिवार 5 जुलाई को आयोजित की गई। बैठक में पेंशनरों की उपस्थिति और सहभागिता उत्साहजनक रही। कुल 78 पेंशनरों ने भाग लेकर संगठन की गतिविधियों और पेंशन संबंधी समस्याओं पर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता रेवाराम वराठे ने की तथा उपाध्यक्ष एआर देशमुख, श्यामराव माकोड़े, सचिव वीएन बारस्कर, कोषाध्यक्ष यूडी लिखितकर एवं सह कोषाध्यक्ष एआर खांडवे की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान कई नए पेंशनरों ने विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पेंशनरों की समस्याओं का समाधान समय पर हो रहा है, जिससे सभी में संतोष है।नए सदस्यों ने अपने विचार साझा करते हुए संगठन के हर अभियान और संघर्ष में सहयोग देने की प्रतिबद्धता जताई। बैठक के अंत में वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पेंशनर्स से कहा कि संगठन उनके हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर सक्रिय है और आगे भी यही संकल्प रहेगा।

## विद्यार्थियों के खाते में आई 25 हजार की राशि

**चिचोली।** नगर के शासकीय उत्कृष्ट बालक हायर सेकेंडरी स्कूल मे भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में प्रतिभाशाली विधार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत बच्चों को लैपटॉप वितरित करने के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से देखा गया। चिचोली ब्लाक के 27 विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने हेतु उनके बैंक खाते में वन क्लिक के माध्यम 25-25 रुपए की राशि पहुंची। स्कूली छात्र-छात्राओं को अच्छे नंबर लाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु मध्य प्रदेश सरकार प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना चलाती है, जिसके अंतर्गत 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक लाने वाले स्टूडेंट्स को सरकार की तरफ से लैपटॉप दिए जाते हैं या फिर इसे खरीदने के लिए राशि दी जाती है। विधार्थियो को मिली 25 -25 हजार की राशि-वन क्लिक के माध्यम से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के खाते में लैपटॉप खरीदने हेतु 25-25 हजार रुपए की राशि पहुंची। कार्यक्रम मे ब्लाक के चयनित 27 विद्यार्थियों को नप अध्यक्ष श्रीमति वर्षा मालवीय, अनिल सिह कुशवाह, राजेन्द्र जायसवाल द्वारा तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर शाबाशी दी।



## अवैध रूप से संचालित हो रही लाल ईंट भट्टियां, प्रशासन मौन

**सारनी।** वन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इलाकों में लगातार लाल ईंट के भट्टे संचालित किए जा रहे हैं, जो पूरी तरह से अवैध माने जा सकते हैं। इन भट्टों के चलते न सिर्फ वन भूमि का अतिक्रमण हो रहा है, बल्कि वन्य भूमि का उत्खनन कर पर्यावरण को नुकसान भी पहुँचाया जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह गतिविधियाँ प्रशासन की आंखों के सामने हो रही हैं, लेकिन संबंधित विभागों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि सारनी से बकुड पहुंच मार्ग के बीच व सारनी क्षेत्र के आस पास बड़ी संख्या में लाल ईंटों का स्टॉक किया गया है और कुछ स्थानों पर निर्माण सामग्री ढँकी हुई भी नजर आ रही है, जिससे भट्टे के संचालन की पुष्टि होती है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार की अवैध गतिविधियों से न केवल पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, बल्कि भू-जल स्तर और वन्यजीवों के जीवन पर भी खतरा मंडरा रहा है। अवैध कोयला व लकड़ियों से लाल ईट भट्ठा पकाया जा रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाना चिंता का विषय है। इस विषय की जानकारी दूरभाष पर खनिज विभाग अधिकारी को भी दी गई। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा जानकारी दी गई उस पर उचित कार्रवाई की जाएंगी। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन और वन विभाग से मांग की है कि भूमि उत्खनन करने वाले माफिया पर कड़ी कार्रवाई की जाए व इस मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो ताकि भविष्य में ऐसी अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाई जा सके। इस संबंध में एसडीएम अभिजीत सिंग शाहपुर का कहना है कि अभी मीटिंग में व्यस्त हूं मैं संबंधित अधिकारी से पूछता हूं।



**संभावना** | अब तक जिले में औसतन 195 .2 मिमी ( 7 .7 इंच) बारिश दर्ज की गई

# बैतूल में अगले चार दिन भारी बारिश का अलर्ट

**बैतूल। बैतूल जिले में अगले चार दिन भारी बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटे में करीब साढ़े 4 इंच बारिश हो सकती है।**

**मौसम विभाग ने जारी की एडवाइजरी**

**जिले में अब तक औसतन 195 .2 मिमी बारिश दर्ज**

मौसम विभाग ने शनिवार, 6 जुलाई को बैतूल, भोपाल, मंडला, डिंडौरी, बालाघाट सहित 10 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। 7 और 8 जुलाई को भी मौसम ऐसा ही बने रहने का अनुमान है। हालांकि फिलहाल जिले में बारिश थमी हुई है। जिले में अब तक सबसे ज्यादा 251 मिमी (करीब 9.88 इंच) बारिश घोड़ाडोंगरी में हुई है। चिचोली 243.9 मिमी, शाहपुर में 238.2 मिमी, भीमपुर 226 मिमी, प्रभातपट्टन 209 मिमी, आमला 175 मिमी, मुलताई 170.3 मिमी, भैंसदेही 154 मिमी, आठनेर 147 मिमी, बैतूल 140 मिमी बारिश दर्ज की गई है। अब तक जिले में औसतन 195.2 मिमी (7.7 इंच) बारिश दर्ज की गई है, जो पिछले साल 5 जुलाई तक की 155.9 मिमी बारिश से लगभग 30 मिमी अधिक है। साल 2024 में कुल वर्षा 1245.8 मिमी रही थी, जो औसत 1083.9 मिमी से 161.9 मिमी (करीब 6.3 इंच) अधिक थी। इसी वजह से इस साल गर्मियों में पानी की कमी जैसी समस्या नहीं आई। बता दे कि शनिवार को दिनभर मौसम खुला रहा। शाम के समय हल्की बूंदाबांदी हुई, लेकिन बाद में बारिश रूक गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 02 जुलाई 2025 को प्रात- 8 बजे तक तहसील बैतूल में 1.2, घोड़ाडोंगरी में 2.0, चिचोली में 0.0, शाहपुर में 0.0, मुलताई में 4.0, प्रभात पट्टन में 3.3, आमला में 10.0, भैंसदेही में 15.0, आठनेर में 2.0 तथा भीमपुर में 0.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।







